# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

कोनी-बिरकोना मार्ग, ग्रा./पो. - बिरकोना, जिला - बिलासपुर (छ.ग.)

फोन नं. 07752-240711, 240712 Website : www.pssou.ac.in Email : Info@pssou.ac.in


## मातृभाषा दिवस

21 फरवरी, 2019

विश्व में भाषायी व सांस्कृतिक विविधता तथा बहुभाषिता को बढ़ावा देने और विभिन्न मातृभाषाओं के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 21 फरवरी को अतंरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया जाता है। इसी तारतम्य में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा दिनांक 21/02/2019 को मातृभाषा के रूप में मनाने हेतु निर्देश प्राप्त हुए। प्राप्त निर्देशानुसार उक्त दिनांक को सायं 4:30 विश्वविद्यालय के सभागार में हिंदी विभाग द्वारा मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया।

मातृभाषा दिवस के अवसर पर माननीय कुलपति प्रो. बंश गोपाल सिंह ने मातृभाषा के बारे में बताते हुए कहा कि मातृभाषा वह भाषा है जो मॉ के दूध के साथ रगो में दौड़ती है। उन्होंने आगे कहा कि मातृभाषा के संबंध में चिंताजनक तथ्य यह है कि इसे बोलने में एक बड़ा वर्ग शर्म महसूस करता है। कार्यक्रम में डॉ. रूपेन्द्र राव, सहा. प्राध्यापक मनोविज्ञान ने अपने संक्षिप्त विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि मातृभाषा में शिक्षा का अधिकार सभी का संवैधानिक अधिकार है।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. जयपाल सिंह प्रजापति, सहा. प्राध्यापक हिंदी ने कहा कि इस वर्ष 19 वें मातृभाषा दिवस की थीम है "विकास, शांति और संधि में देशज भाषाओं के मायने"। उन्होंने कहा कि जन भाषा से राजभाषा बनी छत्तीसगढ़ी को अब छत्तीसगढ़ में संम्मान मिल चुका है। इस हर छत्तीसगढ़ वासी को बोल-चाल में शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी/प्राध्यापक/कर्मचारी उपस्थित रहे।

VERIFIED
REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Dr. S. Rupendra Rao
Incharge NAAC Criteria-III
PSSOU, CG Bilaspur

संयोजक
विभागाध्यक्ष
हिन्दी-विभाग
पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) वि.वि.
छत्तीसगढ़, बिलासपुर - 495009

# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

कोनी-बिरकोना मार्ग, ग्रा./पो. - बिरकोना, जिला - बिलासपुर (छ.ग.)

फोन नं. 07752-240711, 240712 Website : www.pssou.ac.in Email : Info@pssou.ac.in


## मधुमेह रोग के उपचार हेतु योग शिविर

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छ.ग. बिलासपुर के योग विज्ञान विभाग द्वारा ब्रह्मर्षि वशिष्ठ योग आरोग्य केन्द्र में 10 दिवसीय निःशुल्क मधुमेह रोग के उपचार हेतु योग शिविर का आयोजन दिनांक 05 जून से 15 जून 2019 तक किया गया।

आधुनिक जीवन शैली की जटिलता, अनियमितता एवं अवैज्ञानिक जीवनचर्या के दुष्प्रभाव स्वरूप "मधुमेह रोग" एक गंभीर एवं सभी आयु वर्ग को प्रभावित करने वाला समस्यात्मक रोग का रूप ले चुका है। मधुमेह रोग वर्तमान में सभी क्षेत्रों में (ग्रामीण/शहरी) सभी लोगों (गरीब/अमीर) को प्रभावित कर रहा है। यह न केवल शारीरिक रोग है अपितु मानसिक समस्या भी इस रोग का प्रमुख कारण है। यौगिक दिनचर्या एवं योगाभ्यास मधुमेह रोग के निवारण हेतु उत्तम उपाय है। यौगिक अभ्यास के द्वारा इस रोग से बचा जा सकता है एवं रोग होने के पश्चात् भी यौगिक अभ्यास द्वारा रोग पर नियंत्रण भी प्राप्त किया जा सकता है।

### योग शिविर का उद्देश्य –

मधुमेह रोग के निवारण हेतु यौगिक उपचार बताना तथा मधुमेह रोग से ग्रसित लोगों को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य प्रदान करने हेतु आवश्यक दिशानिर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान करना है।

डॉ. बंश गोपाल सिंह माननीय कुलपति पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ मुख्य अतिथि के द्वारा मधुमेह रोग के निवारण हेतु योग शिविर का उद्घाटन किया गया एवं इस अवसर पर आपका उद्बोधन प्राप्त हुआ। डॉ. प्रमोद कुमार साहू सहायक प्राध्यापक एवं आयुर्वेक चिकित्सा अधिकारी शासकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय बिलासपुर को अतिथि वक्ता एवं चिकित्सक के रूप में आमंत्रित किया गया। मधुमेह रोग के ऊपर आपका विस्तृत व्याख्यान रहा। आपने मधुमेह रोग का कारण, मधुमेह रोग के प्रकार, मधुमेह रोग से संबधित समस्याएं तथा मधुमेह रोग के निवारण हेतु आयुर्वेदिक एवं यौगिक चिकित्सा को महत्त्वपूर्ण बताते हुए मार्गदर्शन दिया। डॉ. एस. रूपेन्द्र राव (विभागाध्यक्ष योग विज्ञान/मनोविज्ञान) पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ योग शिविर के नेतृत्व कर्ता रहें। विश्वविद्यालय के योग प्रशिक्षकों ने योगिक अभ्यासों का प्रशिक्षण दिया। विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारियों के साथ ही अन्य मधुमेह रोग से ग्रसित लोगों ने योग शिविर का लाभ लिया। बिलासपुर से आये अन्य मधुमेह रोग से ग्रसित लोगों के अलावा विश्वविद्यालय के मधुमेह रोग से ग्रसित रोगियों सहित कुल 58 लोग इस शिविर में उपस्थित रहें।

### कार्यक्रम विवरण–

मधुमेह रोग हेतु योग उपचारात्मक शिविर का उद्घाटन 5 जून 2019 को प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक हुआ जिसमें माननीय कुलपति महोदय द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन एवं वक्तव्य हमें प्राप्त हुआ। माननीय कुलपति महोदय ने कहा कि मधुमेह रोग एक गंभीर व समस्यात्क रोग के रूप में उभर रहा है। यह रोग सभी आयु वर्ग के लोगों को प्रभावित कर रहा है इसके बचाव हेतु योगाभ्यास एवं यौगिक दिनचर्या उत्तम माध्यम है जिसकी जानकारी आप सभी को इस योग शिविर में दी जायेगी।

VERIFIED

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open) University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Dr. S. Rupendra Rao
Incharge NAAC ...
PSSOU, C... ...pur

आप सभी इसका लाभ उठा पाये यह मेरी शुभकामना है। डॉ. प्रमोद कुमार साहू जी द्वारा मधुमेह रोग सम्बधित विस्तृत व्याख्यान एवं आवश्यक जानकारी दी गई तत्पश्चात् मधुमेह रोग से ग्रसित लोगों का शारीरिक परीक्षण (मधुमेह जॉच, बी.पी. जॉच, शारीरिक वजन परीक्षण) किया गया तथा मधुमेह रोग के निवारण हेतु उपचारात्मक मार्गदर्शन दिया गया।

विश्वविद्यालय के योग प्रशिक्षकों द्वारा योग शिविर में उपस्थित मधुमेह रोग से ग्रसित लोगों को मधुमेह रोग हेतु आवश्यक जानकारी एवं लाभकारी योगाभ्यासों का प्रशिक्षण दिया। 10 दिवसों तक नियमित शारीरिक परीक्षण के पश्चात यौगिक अभ्यासों का प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यकम का समापन–

विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति जी द्वारा कार्यकम का सफल क्रियान्वयन हेतु योग विज्ञान विभाग के सभी शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए योग शिविर में लाभान्वित मधुमेह रोगियों को स्वास्थ्यवर्धक ज्ञान प्राप्त कर पाये इसकी शुभकानांए दी। योग शिविर द्वारा अन्य ऐसे समस्यात्मक रोगों के ऊपर योग शिविर के आयोजन हेतु योग विज्ञान विभाग को प्रेरित उद्‌बोधन देते हुए कार्यकम की समापन की आज्ञा दी।

मधुमेह रोग के उपचार हेतु योग शिविर का प्रतिफल–

मधुमेह रोग के उपचार हेतु योग शिविर बहुत ही सार्थक रहा। 10 दिवसीय योग शिविर के मधुमेह रोग से ग्रसित लोगों ने अपना अनुभव एवं उत्साहवर्धक प्रति पुष्टि दी–

1. योग शिविर में योगाभ्यास (योगिक दिनचर्या, आसन, प्राणायाम, मुद्रा, बंध, ध्यान, षट्‌कर्म योगिक आहार) बताए गए।
2. सभी प्रतिभागी योगाभ्यासों के नियमित अभ्यास से स्वंय के शरीर, मन पर विशेष परिवर्तन एवं उत्साह को अनुभव किए।
3. यौगिक जीवनचर्या को समझ पाए जिससे वे शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं से बच सकते है।
4. मधुमेह रोग से ग्रसित लोगों ने बताया इस रोग के कारण शारिरिक अन्य रोग भी बढ़ते जा रहा है जिससे मन में नकारात्मकता और उत्साह की कमी होती जा रही है लेकिन इस 10 दिवसीव योग शिविर के नियमित अभ्यास एवं जीवनचर्या के पालन से उत्साह और सकारात्मक विचारों में वृध्दि हो पायी।
5. षटकर्म क्रिया के अभ्यास से नवीन योगाभ्यासों से परिचित हुए व इसके लाभ ले सकें। ध्यान के अभ्यास से मन में स्थिरता, व्याकुलता में कमी व आत्मिक आनंद को अनुभव प्राप्त कर पाए।
6. घर मे अधिक समय तक एक ही जगह में बैठने में कष्टदायक लगता है किन्तु यहॉ (योग शिविर) में तीन घंटे एक ही जगह उत्साह से बैठकर योगाभ्यास कर पाए। योगाभ्यास करने से मन में दिन भर प्रसन्नता रहती है।
7. मधुमेह जॉच एवं अन्य सुविधा का लाभ यहॉ ले पाए।
8. सभी प्रतिभागियों ने पुनः ऐसे योग शिविरों के आयोजन का प्रस्ताव रखा एवं विश्वविद्यालय तथा योग विज्ञान विभाग के समस्त शिक्षकों को इस योग शिविर के लिए धन्यवाद तथा आभार ज्ञापित किया।

VERIFIED

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

S. R. Rao

कार्यक्रम संयोजक
डॉ. एस. रूपेन्द्र राव
(विभाग प्रमुख – मनोविज्ञान / योगविज्ञान विभाग)
पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़

अध्यक्ष
मनोविज्ञान विभाग
पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) वि.वि.
बिलासपुर (छ.ग.)

Dr. S. Rupendra Rao
Incharge NAAC Criteria-III
PSSOU, CG Bilaspur

# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

कोनी-बिरकोना मार्ग, ग्रा./पो. - बिरकोना, जिला - बिलासपुर (छ.ग.)

फोन नं. 07752-240711, 240712 Website : www.pssou.ac.in Email : Info@pssou.ac.in

## पुस्तक मेला

**05 से 13 नवम्बर, 2019**

जिला प्रशासन बिलासपुर के सहयोग से 9 दिवसीय बिलासपुर पुस्तक मेला का आयोजन बिलासपुर नगर के लाल बहादुर शास्त्री नगर निगम हायर सेकेण्डरी मैदान में किया गया। यह आयोजन 5 नवम्बर, 2019 से प्रारंभ होकर 13 नवम्बर, 2019 तक चला। इस मेले में विश्वविद्यालय के पाठ्य-पुस्तकों की प्रर्दशनी हेतु विश्वविद्यालय द्वारा स्टाल लगाया गया। स्टाल के सफल संचालन हेतु विश्वविद्यालय के चयनित कर्मचारियों की प्रतिदिन दो पालियों में ड्यूटी लगाई गई। ड्यूटी के दौरान उपस्थित कर्मचारियों के द्वारा जिज्ञासु विद्यार्थियों के प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम, प्रवेश की प्रक्रिया, पाठ्य-पुस्तकों की जानकारी तथा विश्वविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी आगतुंकों को दी गई।

बिलासपुर पुस्तक मेला में मंच पर जिलाधीश डॉ. संजय अलंग, बिलासपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गौरी दत्त शर्मा, पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बंश गोपाल सिंह तथा राजभाषा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय कुमार पाठक व अन्य विद्वान उपस्थित हुए। इस अवसर पर कुलपति प्रो. बंश गोपाल सिंह जी ने कहा कि ऐसे आयोजन से पुस्तक धर्मिता के प्रति एक अलख जगती है। रचनाकार जुड़ते है। युवा पीढ़ी में उत्सुकता जगती है। पुस्तकें आपको बेहतर इंसान बनाने के लिए आमंत्रित करती है। कुलपति प्रो. गौरी दत्त शर्मा जी ने कहा कि यह पुस्तक मेला निश्चित ही पाठकों में एक संस्कार विकसित करेगा। जिलाधीश महोदय जी ने कहा कि पुस्तकों में दह शक्ति है जो आपको साक्षर तो करती है साथ ही उसकी खुशबू भी आंनदित करती है। उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रयास की बड़ी सराहना की। पुस्तक मेला के उदघाटन अवसर पर स्कूली बच्चे, महाविद्यालयीन विद्यार्थी, स्थानीय बुद्धिजीवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

VERIFIED

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Dr. S. Rupendra Rao
Incharge NAAC Criteria-III
PSSOU, CG Bilaspur

संयोजक

# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

कोनी-बिरकोना मार्ग, ग्रा./पो. - बिरकोना, जिला - बिलासपुर (छ.ग.)

फोन नं. 07752-240711, 240712 Website : www.pssou.ac.in Email : Info@pssou.ac.in


## स्वच्छता कार्यक्रम एवं वृक्षारोपण – ग्राम बैमा

06 दिसंबर 2019

दिनांक 06.12.2019 को दोपहर 01:00 बजे से पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर के सामाजिक उत्तरदायित्व प्रकोष्ठ के द्वारा गोद ग्राम बैमा में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संवर्धन तथा वृक्षारोपण का संयुक्त कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम के तहत् ग्राम के निस्तारी तालाब, स्कूल, डबरा, नाली, सड़क एवं गलियों की सफाई का कार्य किया गया। स्वच्छता कार्यक्रम के पश्चात् ग्रामीणों में जागरूकता हेतु सभा का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम की सफाई, स्वास्थ्य, स्वरोजगार, स्वालंबन एवं महिला उत्थान के प्रशिक्षण पर विशेष चर्चा की गई एवं इससे संबंधित पर्चा (पुस्तिका) का वितरण किया गया। इसके पश्चात् सभी लोगों ने मिलकर गांव के कई जगहों पर वृक्षारोपण भी किया गया।

उक्त कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ। उपरोक्त संयुक्त कार्यक्रम में ग्रामीणों के अतिरिक्त अन्य लोग भी शामिल हुए।

संयोजक

प्रभारी
सामाजिक उत्तरदायित्व प्रकोष्ठ
पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त)
विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर

VERIFIED

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Dr. S. Rupendra Rao
Incharge NAAC Criteria-III
PSSOU, CG Bilaspur

# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

कोनी-बिरकोना मार्ग, ग्रा./पो. - बिरकोना, जिला - बिलासपुर (छ.ग.)

फोन नं. 07752-240711, 240712 Website : www.pssou.ac.in Email : Info@pssou.ac.in


## विश्व मानव अधिकार दिवस

**10 दिसंबर, 2019**

छत्तीसगढ़ समान्य प्रशासन के पत्र क्रमांक एफ 10–12/2019/1/5/3500 नया रायपुर दिनांक 09–12–2019 के अनुसार 10 दिसंबर 2019 को "विश्व मानव अधिकार दिवस" के अवसर पर शासकीय कार्यालयों में शपथ दिलाये जाने के निर्देश प्राप्त हुये।

उपरोक्त निर्देश के पालनार्थ मानव अधिकार दिवस के अवसर पर 10 दिसंबर 2019 को विश्वविद्यालय सभागार सायं 5:00 बजे शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। माननीय कुलपति प्रो. बंश गोपाल सिंह द्वारा इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारी को शपथ दिलवाया गया।

आदेशानुसार

VERIFIED

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

S R Rao

**Dr. S. Rupendra Rao**
**Incharge NAAC Criteria-III**
**PSSOU, CG Bilaspur**

# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

कोनी-बिरकोना मार्ग, ग्रा./पो. - बिरकोना, जिला - बिलासपुर (छ.ग.)

फोन नं. 07752-240711, 240712 Website : www.pssou.ac.in Email : Info@pssou.ac.in


## //अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस//

08 मार्च, 2019

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर में 08 मार्च, 2019 दिन शुक्रवार को अपरान्ह 03.30 बजे अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय मुख्यालय, क्षेत्रीय केन्द्रों एवं अध्ययन केन्द्रों में कार्यरत महिलाओं तथा प्रवेशित छात्राओं ने प्रतिभागी के रूप अपनी सहभागिता दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती रश्मि सिंह ठाकुर, विधायक तखतपुर उपस्थित हुई। उन्होंने उद्बोधन में एक महिला के रूप में अपने स्वयं के जीवन में आए संघर्ष को व्यक्त किया। उन्होंने महिलाओं को आगे बढ़ने हेतु प्रेरित भी किया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। इस अवसर पर शतरंज, रंगोली, मेंहदी, कविता पाठ, कुर्सी–दौड़, आनंद–मेला, व्याख्यान प्रतियोगिता आदि का अयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को माननीय कुलपति महोदय द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारी/शिक्षक/ कर्मचारियों एवं छात्राओं सहित कुल 120 लोग उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम को हर्षोउल्लासपूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम में माननीय कुलपति महोदय ने महिलाओं के सर्वांगीण विकास पर बल देते हुए विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारियों को इस हेतु उनकी भूमिका के संबंध में ध्यान आकृष्ट किया। अंत में उपस्थित समस्त लोगों को अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।

कार्यक्रम संयोजक/संचालक
डॉ. अनिता सिंह
(सहायक प्राध्यापक)
पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय
छत्तीसगढ़, बिलासपुर छ.ग.

सहायक प्राध्यापक शिक्षा विभाग
पं.सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय
छत्तीसगढ़ ,बिलासपुर

VERIFIED
REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Dr. S. Rupendra Rao
Incharge NAAC Criteria-III
PSSOU, CG Bilaspur

# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

कोनी-बिरकोना मार्ग, ग्रा./पो. - बिरकोना, जिला - बिलासपुर (छ.ग.)

फोन नं. 07752-240711, 240712 Website : www.pssou.ac.in Email : Info@pssou.ac.in


## पंचम अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह

**21 जून, 2019**

पंचम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का आयोजन पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. बंश गोपाल सिंह, मान. कुलपति, पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय तथा अध्यक्ष डॉ. इन्दु अनंत, कुलसचिव, पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय रहे। मान. कुलपति जी द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि योग का परम् लक्ष्य आत्म साक्षात्कार एवं मोक्ष की प्राप्ति है। योग के माध्यम से लौकिक जीवन को भी उपलब्धि पूर्ण बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के अगले सोपान में भारत सरकार द्वारा जारी सामान्य अभ्यास क्रम के अनुपालन में सामान्य अभ्यास क्रम के अलावा अन्य उपयोगी आसन, प्राणायाम, एवं ध्यान के लाभ एवं सावधानी का वर्णन करते हुए अभ्यास कराया गया। वर्तमान समय में तनाव के बढ़ते कुप्रभाव को ध्यान मे रखकर तनाव प्रबंधन के यौगिक उपायों की जानकारी योग विभाग के शिक्षकों द्वारा दी गई। इस अवसर पर वि.वि. में अध्ययनरत् विद्यार्थियों द्वारा अनेक महत्वपूर्ण आसनों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में वि.वि. के समस्त अधिकारी/कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित हुए।

माननीय कुलपति महोदय द्वारा समापन कार्यक्रम में प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरूस्कार प्रदान किया गया एवं उनके द्वारा संकल्प का वाचन कराया गया। योग विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष– डॉ. एस. रूपेन्द्र राव, मानसेवी सहा. प्राध्यापक– डॉ. कप्तान सिंह, योग प्रशिक्षक गण – डोंगेश्वर प्रसाद साहू, सुश्री श्वेता कुर्रे, श्री राघव वर्मा, प्रिया सिंह, रीतू सिंह एवं अन्य सदस्यों के सहयोग से कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

कार्यकम उद्देश्य –

भारत सरकार के आदेश के अनुपालन एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर योग की प्रतिस्थापना के समर्थन में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग भारतीय संस्कृति की प्राचीनतम् विधा है इसे पुष्पित एवं पल्लवित करने में योग दिवस के आयोजन का विशिष्ट महत्व है। वर्तमान व्यस्ततम जीवन में स्वास्थ्य सुरक्षा सबके लिये एक चुनौती बनी हुई है। योग इस चुनौति के लिये उपयुक्त माध्यम है। स्वास्थ्य की दृष्टि से इस कार्यक्रम की विशेष उपयोगिता है।

कार्यक्रम का प्रतिफल –

कार्यक्रम के आयोजन से प्रतिभागियों में योग के अभ्यासों एवं उसकी उपयोगिता के प्रति जागरूकता बढ़ी। कार्यक्रम में ध्यान के अभ्यास ने मानसिक प्रबंधन का नया मार्ग प्रशस्त किया। भारतीय विधा का अंतरराष्ट्रीय पटल पर स्थापित होने से अपने राष्ट्र एवं संस्कृति के प्रति गौरव का अनुभव कराया।

VERIFIED

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Dr. S. Rupendra Rao
Incharge NAAC Criteria-III
PSSOU, CG Bilaspur

संयोजक

अध्यक्ष
योग विज्ञान विभाग
पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) वि.वि.
बिलासपुर (छ.ग.)